## इकाई–3: वस्त्र शब्दावली और अंतिम उपयोग

वस्त्र उत्पाद की श्रेणी तीन बड़े समूहों अर्थात् परिधान, घरेलू सामान या औद्योगिक में विभाजित है। हालांकि यह संपूर्ण नहीं है, लेकिन निम्न विभाजन कपड़े के प्रतिनिधि वर्गीकरण और अंतिम उपयोग को संकेतित करता है:

| परिधान | | | | |
|---|---|---|---|---|
| महिलाओं के वस्त्र | पुरुषों के वस्त्र | लड़कियों के वस्त्र | लड़कों के वस्त्र | बच्चों के वस्त्र |
| खेल के वस्त्र: स्कर्ट, ब्लाउज, टी शर्ट्स, स्लैक्स | | | | |
| तैराकी के वस्त्र/समुद्र तट के वस्त्र | | | | |
| कपड़े/ साधारण/सांध्यकालीन वस्त्र | | | | |
| अंतरंग परिधान: अंडरवियर, सोने की पोशाक, रोब, घर पर पहनने के आरामदायक वस्त्र | | | | |
| प्रसूता के कपड़े | | | | |
| ऊपरी कपड़े: स्वेटर, कोट, जैकेट, बरसाती | | | | |
| कोट और सूट | | | | |
| सहायक उपकरण: टोपी, स्कार्फ, बैग, दस्ताने, छाता, होजरी | | | | |

| घरेलू सामान |
|---|
| फर्नीचर: असबाब/गिलाफ |

| | |
|---|---|
| चिलमनः पर्दे | |
| घरेलूः चद्दरें /गद्दे/तकिए/बिछावन | |
| लिनेनः मेजपोश, पट्टियां, तौलिए, धुलाई कपड़ा | |
| फर्श पर बिछाने के कपड़ेः कालीन, खेस, पैडिंग | |
| विविधः लैंप शेड, आवरण (थ्रो) | |

| औद्योगिक |
|---|
| विनिर्माण संयंत्रों में उपयोग किए जाने वाले कपड़ेः कन्वेयर ड्राइव का पट्टा, प्रिंटर के कंबल, टेप, फिल्टर। |
| बाहरी : फर्नीचर, चंदोवा, तंबू, नाव का पाल |
| जूतेः स्नीकर्स, नरम जूते |
| परिवहन (मोटर वाहन, आदि): फर्श, टायर, आंतरिक |
| विविधः कपड़े धोने का बैग, तहबंद, सामान, झंडे, रबर की पाइप |

जरी (ब्रोकेड): पूरे कपड़े पर उभरे नमूने या पुष्प डिजाइन के साथ एक भारी, उत्तम जेकार्ड प्रकार का कपड़ा। अंतिम उपयोग में असबाब, परदे, और सांध्यकालीन वस्त्र शामिल हैं।

बर्लेपः कालीन के समर्थन के रूप में उपयोग किया जाने वाला एक शिथिल संरचना, भारी, सादी बुनाई का कपड़ा, और अनाज या चावल की बोरियों जैसी सस्ती पैकेजिंग। इसके अलावा, जिस तरह फैशन बदलता है, बर्लेप एक ड्रेपरी कपड़े के रूप में भी प्रकट हो सकता है।

कैम्ब्रिकः धागों की उच्च्च गणना के साथ सन या कपास से बुना हुआमहीन, हल्के वजन का कपड़ा है। यह सफेद और रंगों में उपलब्ध्न सादी बुनाई का कपड़ा है। मुख्यतः रूमाल, बच्चों की पोशाक, अंडरवियर और नाइट गाउन में प्रयोग किया जाता है।

कैनवास :सूती, लिनन या कृत्रिम औद्योगिक या भारी कार्य प्रयोजनों के लिए भारी और निश्चित वजन के धागों से निर्मित बुनियादी सादी बुनाई का कपड़ा है। इसे ''डक'' के रूप में भी जाना जाता है, हालांकि ''कैनवास'' शब्द आम तौर पर भारी और मोटी संरचना से संबंधित है।

केसमेंटःसादे बुनाई की विविधताओं वाले पर्दे के कपड़े के लिए सामान्य शब्द। किसी भी तरह के रेशों या मिश्रणों का महीन या भारी धागों का संयोजन हो सकता है।

चैंबरे**:**चैंबरे एक सादी बुनाई का कपड़ा है, जो कपास, रेशम, या निर्मित रेशों से बनाया जा सकता है, लेकिन अधिकतर कपास से बनता है। इसमें एक रंगीन ताना (अक्सर नीला) और भरने का सफेद धागा शामिल होते हैं।

शिफॉनः सादी बुनाई का हल्का, अत्यंत झरझरा, हवादार और मुलायम रेशमी कपड़ा है, जिसमें अत्यधिक मुड़े फिलामेंट धागे होते हैं । इस कपड़े का मुख्य रूप से शाम की पोशाक और स्कार्फ में इस्तेमाल किया जाता है। यह रेयॉन और अन्य मानव निर्मित रेशों से भी बनाया जा सकता है।

क्रेपः रेशम, रेयान, कपास, ऊन, मानव निर्मित या मिश्रित रेशों से बना एक हल्के वजन का कपड़ा है, और झुर्रियों वाली सतह इसकी विशेषता है।यह सतह क्रेप यार्न (ऐसे धागे जिनमें इतना उच्च घुमाव होता है कि धागे सिकुड़ जाते हैं), के उपयोग और कास्टिक सोडा द्वारा रासायनिक उपचार तथा, उभार, या बुनाई (आमतौर पर मोटे ताना धागों और पतले भराई धागों के साथ) द्वारा प्राप्त की जाती है। हालांकि क्रेप पारंपरिक रूप से बुना जाता है, आजकल क्रेप धागों का बुनाई क्रीप उत्पन्न करने के लिए उपयोग किया जाता है।

क्रेप डी शिनः परंपरागत रूप से, एक बहुत ही झरझरा, कंकड़ से भरा हुआ, धोने योग्य रेशम से बना होता है, जिसमें सिकुड़न उत्पन्न करने के लिए कपड़े को गोंद रहित किया जाता है। आज, यह रेशम या मानव निर्मित रेशों से फ्लैट क्रेप के रूप में बनाया जा रहा है। इसका नीचे पहनने के कपड़े, पोशाकों और ब्लाउज के लिए प्रयोग किया जाता है।

दमाश्कः एक चमकदार–जेकार्ड कपड़ा है, आमतौर पर लिनेन, कपास, रेयॉन, रेशम या मिश्रणों से बनाया जाता है। नमूने समतल और प्रतिवर्ती हैं। यह नैपकिन, मेज के कपड़े, पर्दे और बिस्तर के लिए उपयुक्त है।

डेनिमः मजबूत, सफेद भराई और रंगीन ताने के साथ आमतौर पर नीले रंग की बाएं हाथ की टवील बुनाई। मजबूत, टिकाऊ, काम के कपड़े और खेलों की पोशाक के लिए इस्तेमाल किया जाता है। हल्के वजन रंगों और पैटर्न में आते हैं, नरम हैं और खेलों और घरेलू सामान के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकता है।

ड्रिलः कपास या मानव निर्मित रेशों से बना डेनिम जैसा एक भारी, मजबूत, टिकाऊ ट्वील्ड कपड़ा है, जो बाईं किनारी तक चलने वाली 2 x 1 विकर्ण बुनाई से बना है। जब कपड़े की जबूत आवश्यक हो, ड्रिल ढीली पतलून, वर्दी, ओवरऑल और काम के समय पहनने वाली कमीज के लिए उपयुक्त है।

फेल्टः यह ऊन, बाल, या फर और कभी–कभी कुछ विनिर्मित रेशों के साथ संयोजन से बना एक गैर बुना कपड़ा है, जिसमें एक ठोस सामग्री के निर्माण के लिए नमी, दबाव और गर्मी का प्रयोग कर तंतुओं को आपस में बांधा जाता है।

फलालैनः एक मध्यम वजन, सादी या टवील बुनाई का कपड़ा है जो आम तौर पर कपास, कपास के एक मिश्रण, या ऊन से बनता है। कपड़े में एक बहुत नर्म एहसास होता है, रेशों के छोरों को कपड़े के आधार से बाहर उठाने और एक नरम, अस्पष्ट सतह बनाने के लिए दोनों पक्षों पर ब्रश किया जाता है। अंतिम उपयोग में शर्ट और पजामा शामिल हैं।

जार्जेटः एक चमकदार हल्का कपड़ा है, अक्सर एक क्रेप सतह के साथ रेशम या पॉलिएस्टर जैसे मानव निर्मित रेशों से बनाया जाता है। अंतिम उपयोग में पोशाक और ब्लाउज शामिल हैं।

गिंगहैमः यह प्लेड या चेक पैटर्न में सादी बुनाई का एक मध्यम वजन का कपड़ा है। अंतिम उपयोग में पोशाक, शर्ट और पर्दे भी शामिल है।

आरगेंडी**:**आमतौर पर मध्यम से उच्च धागों सहित एक कड़ा, महीन, हल्की सादी बुनाई का कपड़ा है। अंतिम उपयोग में ब्लाउज, पोशाक औरपर्दे/आवरण शामिल है।

आरगेंजा**:**रेशम, रेयान, नायलॉन, या पॉलिएस्टर से बना एक करारा महीन, हल्की सादी बुनाई का कपड़ा है। कपड़े का मुख्य रूप से शाम की पोशाक और महिलाओं के विवाह के परिधान में उपयोग किया जाता है।

ऑक्सफोर्ड**:**एक महीन, मुलायम, हल्के वजन के कपास या मिश्रित धागे से 2 गुणे 1 की टोकरी बुनाई विभिन्नता में निर्मित सादी बुनाई का कपड़ा है। इस कपड़े का मुख्य रूप से कमीज बनाने में प्रयोग किया जाता है।

पॉपलीन**:**सादी बुनाई की रिब परिवर्तन का उपयोग कर बनाया गया कपड़ा है। एक ही दिशा में एक मामूली रिज असर निर्माण इसकी विशेषता है। पॉपलीन आमतौर पर आरामदायक कपड़ों के साथ जुड़ा हुआ था, लेकिन ''काम की दुनिया'' के अधिक आरामप्रद हो जाने से इस कपड़े ने पुरुषों के वार्डरोब में प्रधानता प्राप्त कर ली है, अक्सर पतलूनों में इसका उपयोग किया जा रहा है।

साटिनः एक बुनियादी बुनाई, कपड़े के सामने की सतह पर सूत का लंबा प्रवाह इसकी विशेषता है। धागों को इस तरह से अंतर्ग्रथित किया जाता है कि अंतर्ग्रंथन का कोई निश्चित तरीका दिखाई नहीं देता, इस तरह से कुछ हद तक एक चिकना और चमकदार सतह प्रभाव हासिल करता है। धागे में कम घुमाव सहित उच्च चमक वाले रेशों के उपयोग से चमकदार सतह प्रभाव में और अधिक वृद्धि होती है। एक वास्तविक साटन बुनाई के कपड़े मे ताना धागे हमेशा भराई के धागों पर तैरते रहते हैं।

टेरी क्लॉथः आमतौर पर बिना कटाई के पाइल बुनाई का कपड़ा है। इस कपड़े को ताना धागों के दो सेट का उपयोग करके बनाया जाता है। ताना धागों का एक सेट बहुत कम तनाव के अधीन होता है, जबकि भराई के धागे जगह में पैक किए जाते हैं, इन ढीले धागों को भराई धागों के साथ वापस पीछे धकेल कर छोरों का गठन किया जाता है। प्राथमिक उपयोग में तौलिए, वस्त्र, और परिधान शामिल हैं।

टुलेः एक हल्के, बहुत महीन, मशीन से बनी जाली है, आमतौर पर एक षट्भुज आकार के साथ जाल का प्रभाव देती है। अंतिम उपयोग में नृत्य की वेशभूषा और पर्दा शामिल हैं।

मखमलः मध्यम वजन का कट पाइल निर्माण का कपड़ा है, जिसमें कटे हुए पाइल सीधे ऊपर खड़े रहते हैं। यह ताना धागों के दो सेट का उपयोग कर बुना जाता है, अतिरिक्त सेट पाइल बनाता है। यह एक विशेष करघे पर बुना जाता है, जो एक साथ मखमल के दो टुकड़े बुनता है । दोनों टुकड़ों को काट कर अलग किया जाता है और कपड़े को लंबाई में दो अलग रोलरों पर लपेटा जाता है। मखमली, एक शानदार कपड़ा है, जो उच्च चमक और चिकने स्पर्श के लिए आमतौर पर एक तंतु रेशे से बनाया जाता है। मखमल गुच्छेदार कपड़े का एक प्रकार है जिसमें काटे धागों को बहुत समान रूप से वितरित कर एक छोटे घने ढेर के साथ अपना विशिष्ट स्पर्श देता है। मखमल किसी भी रेशे से बनाया जा सकता है।

वायलः एक करारा, हल्का, सादी बुनाई के सूती कपड़े जैसा कपड़ा है, जिसे एक उच्च धागा गिनती निर्माण में उच्च मोड़ वाले धागों से बनाया जाता है।यह दिखने में आरगेंडी और आरगेंजा के समान है। ब्लाउज के कपड़े और पर्दे में प्रयोग किया जाता है।

वर्स्टिडः केवल लंबे मुख्य धागों का उपयोग करके, कंघी किए गए ऊन या ऊन के मिश्रण से कसकर बुना गया कपड़ा है। कपड़े में एक कठोर, चिकनी सतह होती है। गाबर्डीन वर्स्टिड कपड़े का एक उदाहरण है। आम अंतिम उपयोग पुरुषों के सूट में है।

## सारांश

वस्त्र उत्पादों की श्रेणी में तीन बड़े समूहों अर्थात परिधान, घरेलू सामान या औद्योगिक में विभाजित है।कपड़े के विभिन्न अंतिम उपयोग हैं जैसे – परिधान, अधोवस्त्र, ऊपरी वस्त्र, घरेलू सामान और बैग, स्कार्फ, टोपी, मोजे, आदि जैसे अन्य सामान। कई कपड़ों के अलग अंतिम उपयोग हैं, जिनमें किमरिख, रेशमी वस्र, शैम्ब्रे, डेनिम, ड्रिल, कैनवास, ब्रोकेड, फलालैन, आरगेंडी, आदि शामिल हैं।

अपनी जानकारी की जांच करें:

1. निम्नलिखित कपड़ों को उनकी बुनाई संरचना अनुसार अलग करें।
गैबरडीन, आर्गेंजा, गिनघेम, ड्रिल, शिफॉन, कैनवास, चौम्बरे, डेनिम, वॉयल, फ्लानैल।

| बुनाई | बुनाई |
|---|---|
| | |

2.सही उत्तर का चयन करें:–
क. स्नान के वस्त्र और तौलिये के लिए सबसे अनुकूल पाइल कपड़ा है ..........................................................................................
(मखमल, टेरीक्लॉथ, फलालैन, फेल्ट, सैम्बरी)
ख. नैपकिन, टेबल क्लॉथ, असबाब और परदों के लिए सबसे उपयुक्त कपड़ा है ................................ (पॉपलीन, ड्रिल, दमास्क, कैनवास, मखमल)
ग. नकाब के लिए उपयुक्त कपड़ा है.................................(आरगेंडी, शिफॉन, वारस्टेड्स, टुले, ऑक्सफोर्ड)

3. कपड़ों के औद्योगिक उपयोग को सूचीबद्ध करें।